प्रेस विज्ञप्ति

विषय: स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश नवीनीकरण हेतु पोर्टल के पुनः संचालन एवं विशेष अवसर प्रदान करने विषयक।

"भोपाल दिनांक: 26 मार्च 2026"

उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों एवं भविष्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, स्नातक (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष) तथा स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण (Admission Renewal) हेतु विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

यह विशेष सुविधा उन विद्यार्थियों हेतु प्रदान की गई है, जो प्रवेश नवीनीकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा के कारण नियत समय-सीमा में अपनी प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने से वंचित रह गए थे। प्रवेश पोर्टल को **28 मार्च 2026** तक सक्रिय (Activate) किया जा रहा है।

अतः संबंधित विद्यार्थी इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाकर अपना प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

साथ ही ,समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों के शेष पात्र विद्यार्थियों का त्वरित चिन्हांकन कर उनका प्रवेश नवीनीकरण एवं शुल्क समय सीमा में जमा करवाना सुनिश्चित करें ।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि यह सुविधा सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध होगी। इसलिए सभी संबंधित विद्यार्थी एवं संस्थान निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें, जिससे किसी भी विद्यार्थी की शैक्षणिक निरंतरता बाधित न हो।

(डॉ. दिवा मिश्र)
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश